# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड सेवा का किया शुभारंभ। यूपीआई से जुड़ा होगा यह कार्ड। दस से तीस हजार रूपये तक ब्याजमुक्त हो सकेगा लेन–देन।
- उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर आज से प्रदेश समेत देश के बीस राज्यों और अन्य देशों में शुरू होगा कार्यक्रमों का सिलसिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह लखनऊ में स्थापना दिवस समारोह को करेंगे सम्बोधित।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली से अठारहवें रोजगार मेले का करेंगे शुभारम्भ। लखनऊ में केन्द्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और प्रयागराज में केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल कार्यक्रम में होंगी शामिल।
- राज्य के पश्चिमी ज़िलों में तेज़ हवाओं के साथ रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भी  हल्की वर्षा का जताया अनुमान।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल केरल के तिरूअनंतपुरम से पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड समेत कई अन्य विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। यह कार्ड यूपीआई से जुड़ा होगा, जिससे रेहड़ी–पटरी वाले दस से तीस हजार रूपये तक ब्याजमुक्त लेनदेन कर सकेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक लाख लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि ऋण का वितरण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से रेहड़ी–पटरी वालों की स्थिति में बदलाव आया है और सरकार ने इस क्रेडिट कार्ड के ज़रिए उनके कल्याण की दिशा में एक कदम और बढ़ाया है।

***केंद्र सरकार ने पहली बार स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम बनाई। इस स्कीम के बाद देश भर में लाखों साथियों को बैंकों से बहुत मदद मिली है। पहले सिर्फ अमीरों के पास ही क्रेडिट कार्ड होता था। अब स्ट्रीट वेंडर्स के पास भी स्वनिधि क्रेडिट कार्ड है।***

प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम का प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों में सजीव प्रसारण किया गया। जिसमें पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थी भी मौजूद रहे।

**********

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आज से तीन दिवसीय कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। एक रिपोर्ट–

***राजधानी लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होने वाले मुख्य आयोजन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना और एक जिला एक व्यंजन योजना का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में सीएम युवा योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। मुमताज़ अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

यूपी दिवस के अवसर पर देश के 20 राज्यों और फिजि, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, समेत कई अन्य देशों में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन आयोजनों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली से 18वें रोजगार मेले का शुभारंभ करेंगे। इस मेले का आयोजन देश भर के 45 ज़िलों में किया जाएगा। इस दौरान 61 हज़ार से अधिक नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उपस्थित रहेंगे, जबकि प्रयागराज में केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल शामिल होंगी।

**********

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कल प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्री योगी ने नेताजी को स्वतंत्रता आंदोलन का महानायक बताया और आजादी की लड़ाई में उनके अमूल्य योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का देश के प्रति अमूल्य योगदान आज भी हम सबको प्रेरणा प्रदान करता है।

***भारत का स्वाधीनता आंदोलन यह कालखंड है जब गांधी जी के नेतृत्व में पूरा देश इस आंदोलन को एक नई दिशा देने की ओर अग्रसर था। उन स्थितियों में भारत के क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इस आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी। उनका विराट व्यक्तित्व हर भारतीय को प्रभावित करता था। भारत के अंदर हो या भारत के बाहर उन्होंने भारत की आजादी के लिए जो योगदान किया। उनका एक–एक शब्द अपने आप में आजादी के आंदोलन का मंत्र बन गया।***

**********

हवाई हमले से बचाव और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिये कल प्रदेश भर में ब्लैक आउट मॉकड्रिल आयोजित किया गया। इसके तहत शाम 6 बजे सभी जिलों में बिजली काटने के साथ ही चेतावनी वाले सायरन बजाए गए जिसके बाद हमले और बचाव सम्बन्धी अभ्यास शुरू हुआ जो करीब आधे घंटे तक जारी रहा। लखनऊ में आयोजित इस मॉकड्रिल के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

**********

बसंत पंचमी के अवसर पर कल प्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों और पवित्र नदियों में स्नान के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। प्रयागराज स्थित माघ मेले में बसंत पंचमी पर होने वाले प्रमुख स्नान पर्व में करीब 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। उधर, मथुरा के द्वारिकाधीश मंदिर और ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में कल से 40 दिवसीय फाग उत्सव का शुभारंभ हो गया है।

**********

प्रदेश भर में कल 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम– माय इंडिया–माय वोट निर्धारित की गई है, जिसके तहत स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों और शासकीय कार्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक रिपोर्ट....

***प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार, स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में वाद–विवाद, परिचर्चा, निबंध, चित्रकला जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई हिन्दी और अंग्रेजी में राष्ट्रीय मतदाता शपथ विद्यार्थियों को दिलाई जाएगी। वहीं राज्य के समस्त शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को 25 जनवरी को सुबह 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता शपथ दिलाई जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। समाचार कक्ष से सुशील चन्द्र तिवारी।***

**********

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी 50वीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पहल को वर्ष 2015 में शुरू किया था। इसके बाद से प्रगति ने प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के माध्यम से प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं और जन शिकायतों की वास्तविक समय में निगरानी तथा समाधान को सक्षम बनाकर, शासन व्यवस्था में परिवर्तन किया है। विशेष श्रृंखला में प्रदेश की मऊ–गाजीपुर–तारीघाट नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन पर विशेष रिपोर्ट–

***उत्तर प्रदेश में मऊ, गाजीपुर, तारीघाट नई ब्रॉड गेज रेल परियोजना उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से में रेल संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 51 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन को 1,765 करोड रुपए की लागत से स्वीकृति दी गई थी। इसका उद्देश्य पूर्वी उत्तर प्रदेश के दूर–दराज और कृषि प्रधान जिलों को रेल नेटवर्क से जोड़ना और गंगा कॉरिडोर में बहुमाध्यमीय परिवहन को सुदृढ़ करना है। परियोजना की क्रियान्वयन के दौरान भूमि अधिग्रहण में विलंब, वित्त पोषण और लागत साझेदारी से जुड़े विवाद, तकनीकी स्वीकृतियां तथा सामग्री आपूर्ति संबंधी बाधाओं जैसी कई चुनौतियां सामने आईं, जिससे कार्य की गति प्रभावित हुई। इस परियोजना की व्यापक समीक्षा प्रधानमंत्री ने 26 सितंबर, 2018 को प्रगति के तहत की। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए इसकी रणनीतिक महत्ता को देखते हुए प्रणालिगत अड़चनों को दूर करने के लिए समयबद्ध और परिणामोन्मुख निर्देश जारी किए गए। मऊ, गाजीपुर, तारीघाट, ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के शुरू होने से पूर्वी उत्तर प्रदेश में क्षेत्र संपर्क और आर्थिक एकीकरण की मजबूती मिल रही है तथा इसके दूरगामी सामाजिक आर्थिक लाभ हो रहे हैं। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंचायती राज विभाग की ओर से आज से छब्बीस जनवरी तक प्रदेश की सभी पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और धार्मिक स्थलों की विशेष सफाई के साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा।

**********

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में मौसम का रूख बदल गया है। रात से ही तेज हवाओं के बीच रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने और पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा का अनुमान जताया है।

**********